छत्तीसगढ़ शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
:: मंत्रालय ::
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

क्रमांकः 1520/22/पं.ग्रा.वि.वि/2020 अटल नगर, रायपुर, दिनांक 25/06/2020

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
छत्तीसगढ़ इन्फोटेक एण्ड बायोटेक प्रमोशन सोसाइटी (Chips),
तृतीय तल स्टेट, डाटा सेंटर बिल्डिंग,
नवीन सर्किट हाऊस के सामने,
सिविल लाईन्स, रायपुर
छत्तीसगढ़।

विषय :– संचालक, सामाजिक अंकेक्षण इकाई हेतु प्राप्त आवेदनों पर दावा–आपत्ति के लिये सूची अपलोड करने बाबत्।

–000–

छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालक, सामाजिक अंकेक्षण इकाई पद के लिये विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसके परिपेक्ष्य में प्राप्त आवेदनों को सूचीबद्ध किया गया है। जिस पर दावा–आपत्ति प्राप्त करने हेतु सूची संलग्न कर प्रेषित है।

कृपया छत्तीसगढ़ शासन की अधिकृत वेबसाईट www.cgstate.gov.in के Notice Board में उक्त दावा--आपत्ति सूची प्रारूप को अपलोड करवाने का कष्ट करें, जिसका लिंक–"संचालक, सामाजिक अंकेक्षण इकाई हेतु प्राप्त आवेदनों पर दावा–आपत्ति करने के संबंध में" के नाम से प्रदर्शित हों।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

(एस. प्रकाश)
विशेष सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

छत्तीसगढ़ शासन

ज्ञापन प्रारूप

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,

नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालक, सामाजिक अंकेक्षण इकाई पद के लिये विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसके परिपेक्ष्य में प्राप्त आवेदनों को सूचीबद्ध किया गया है। संचालक पद हेतु कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से श्री प्रेमलाल धृतलहरे का आवेदन निर्धारित तिथी 23.03.2020 के पश्चात अत्यधिक विलंब से दिनांक 04.05.2020 को प्राप्त होने के कारण उस पर विचार नही किया गया। कुल 22 आवेदनों का विज्ञापन में निर्धारित अर्हताओं के परिपेक्ष्य में परीक्षण किया गया, जिसमें निम्नानुसार आवेदकों के आवेदन पात्र एवं अपात्र पाये गये:–

(अ) पात्र अभ्यर्थियो की सूची :–

स. क्र.	अभ्यर्थी का नाम	पात्र / अपात्र	टीप
1	श्री सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय	पात्र	विज्ञापन के कंडिका (अ) के अनुसार पात्र है।
2	श्रीमती लीलावती पालिसेट्टी	पात्र	विज्ञापन के कंडिका (अ) के अनुसार पात्र है।
3	श्री पूर्ण चन्द्र मिश्रा	पात्र	विज्ञापन के कंडिका (ब) के अनुसार पात्र है।
4	श्री मोहन चेरियन सैमुअल	पात्र	विज्ञापन के कंडिका (ब) के अनुसार पात्र है।
5	श्री मेहेरराम दि गाड़ेकर	पात्र	विज्ञापन के कंडिका (अ) के अनुसार पात्र है।
6	श्री कृष्णा प्रसाद सिन्हा	पात्र	विज्ञापन के कंडिका (अ) के अनुसार पात्र है।
7	श्री विश्वास त्रिपाठी	पात्र	विज्ञापन के कंडिका (अ) के अनुसार पात्र है।

(ब) अपात्र अभ्यर्थियो की सूची :–

1	श्री शंकर कुमार सोनवानी	अपात्र	आवेदक ने 05 वर्ष सरगुजा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अंबिकापुर में शाखा प्रबंधक के रूप में कार्य किया है। यह अनुभव 10 वर्ष से कम है। तत्पश्चात मध्यप्रदेश लधु उद्योग निगम, भोपाल तथा राज्य औधोगिक विकास निगम रायपुर में 31 वर्ष तक प्रबंधक के पद पर कार्य किया है। आवेदक का पद मूल रूप से मार्केटिंग मैनेजमेंट से संबंधित है, ऑडिट से संबंधित नही है। यद्यपि आवेदक ने अपने आवेदन में ऑडिट के क्षेत्र में भी अनुभव होना बताया है परन्तु इस अनुभव से संबधित कोई भी प्रमाण पत्र / दस्तावेज आवेदन के साथ संलग्न नही किया है।
2	श्री नितिन कुमार सोनी	अपात्र	ग्रामीण विकास परियोजनाओं में न्यूनतम 10 वर्ष कार्य करने का अनुभव नही है जैसा कि विज्ञापन के कंडिका (ब) में आवेदन हेतु अर्हता का उल्लेख है।
3	श्री रविशंकर टोप्पो	अपात्र	आवेदक द्वारा अपने आवेदन में शासकीय सेवा अथवा गैर शासकीय संगठन क्षेत्र में कार्यानुभव के संबंध में कोई उल्लेख नहीं किया गया है। शैक्षणिक योग्यता के अलावा कोई प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।
4	श्री कृष्ण चन्द्र यादव	अपात्र	अभ्यर्थी भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रहें है किन्तु ग्रामीण विकास परियोजनाओं में न्यूतम 10 वर्ष कार्य करने का अनुभव नही है जैसा कि विज्ञापन के कंडिका (ब) में आवेदन हेतु अर्हता का उल्लेख है।
5	डॉ. जीतेन्द्र कुमार सिंगरौल	अपात्र	एन.जी.ओ. / सी.एस.ओ. (स्पर्श सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थान, रायपुर) में आवेदक ने सिर्फ 06 माह कार्य किया है (संदर्भ :– विज्ञापन के कंडिका (अ) में उल्लेखित अर्हता)। आवेदक द्वारा अपने आवेदन में उल्लेखित शेष समस्त अनुभव स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित है। परन्तु कंडिका (ब) अनुसार ग्रामीण अंकेक्षण कार्य / ग्रामीण परियोजनाओं में 10 वर्ष का अनुभव नही है।

क्रमशः.....

6	श्री तरूण कुमार मजूमदार	अपात्र	आवेदक को अंकेक्षण कार्य अथवा ग्रामीण विकास परियोजनाओं में कार्य करने का कोई भी अनुभव नही है। आवेदक द्वारा आवेदन में उल्लेखित अनुभव विज्ञापन में वांछित अनुभव (ब) के अनुरूप नही है।
7	श्री संजय पवार	अपात्र	आवेदक को अंकेक्षण कार्य अथवा ग्रामीण विकास परियोजनाओं में कार्य करने का कोई भी अनुभव नही है। आवेदक द्वारा आवेदन में उल्लेखित अनुभव विज्ञापन में वांछित अनुभव (ब) के अनुरूप नही है।
8	श्री विजय कुमार राजपूत	अपात्र	विज्ञापन की कंडिका (ब) के अनुसार निर्धारित वेतनमान मे कार्य नही किया गया है।
9	श्री रूपनारायण पाण्डेय	अपात्र	गैर शासकीय संस्थान का पंजीयन की प्रति संलग्न किया गया है। इनके या इनके संस्था द्वारा शासकीय योजनाओं का संचालन नहीं किया गया है। संस्था द्वारा बाल सरंक्षण एवं महिलाओं की जागरूकता के साथ स्वास्थ्य, चिकित्सा के क्षेत्र में निशुल्क सेवा का कार्य किया गया है। ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव नही है।
10	श्री चन्द्रकुमार डड़सेना	अपात्र	आवेदक का अनुभव विज्ञापन में वांछित क्षेत्र में नही है।
11	श्री उज्जवल कुमार पहुरकर	अपात्र	लगभग 12 साल का अनुभव है। सामाजिक अंकेक्षण से संबंधित विभिन्न पदों में 06–07 वर्ष कार्य किया है तथा विभिन्न प्रदेश में कार्य किया गया है। वेतन का उल्लेख नहीं किया गया है। आवेदन में उल्लेखित अनुभव विज्ञापन में वांछित अनुभव (ब) के अनुरूप नही है।
12	डॉ. रीता दीवानजी	अपात्र	अंकेक्षण एवं ग्रामीण विकास योजनाओं का अनुभव नहीं है। केन्द्र एवं राज्य सरकार के अधीन कार्य नहीं किया गया है। प्राइवेट विश्वविद्यालय में कार्य का अनुभव है। आवेदन में उल्लेखित अनुभव विज्ञापन में वांछित अनुभव (ब) के अनुरूप नही है।
13	सुश्री रेबेका एस. डेविड	अपात्र	आवेदिका का अनुभव 15 वर्ष से कम है। आवेदन में उल्लेखित अनुभव विज्ञापन में वांछित अनुभव (अ) के अनुरूप नही है।
14	श्री मनोज कुमार टण्डन	अपात्र	विज्ञापन के अनुसार आवेदक का कंडिका (अ) अथवा (ब) के अनुरूप अनुभव नही है।
15	श्री सुनील रॉय	अपात्र	विज्ञापन के अनुसार आवेदक का कंडिका (अ) अथवा (ब) के अनुरूप अनुभव नही है।

कार्यालय को प्राप्त आवेदनों में दी गई जानकारी एवं संलग्न दस्तावेज/अभिलेख के आधार पर उपरोक्तानुसार पात्र एवं अपात्र सूची तैयार किया गया है। **इस संबंध में किसी को दावा–आपत्ति होने पर आवेदन स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से दिनांक 13.07.2020 को संध्या 5:00 बजे तक निम्नलिखित पते पर प्रेषित किया जा सकता है :–**

आयुक्त, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना
विभागाध्यक्ष कार्यालय, इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–दो, द्वितीय तल,
नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़

विशेष सचिव
छत्तीसगढ़ शासन,
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग